
शनिवार
27 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
**आपके दांतों को रख सकता है स्वस्थ ब्लूबेरी फल**



पृष्ठ 5
**फिल्म सेल्फी में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाने को रीक्रिएट करेंगे अक्षय**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 200
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

काम से ज्यादा काम के पीछे निहित भावना का महत्व होता है।
डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में प्रेस मालिक गिरफ्तार

# दो करोड़ में हुआ था पेपर लीक का सौदा

संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने आरएमएस टेक्नोसोल्यूशंस के मालिक राजेश चौहान को गिरफ्तार कर लिया। दो करोड में राजेश ने पेपर लीक करने का सौदा किया था।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी स्पेशल टॉस्क फोर्स अजय सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ द्वारा जांच के दौरान 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ टीम ने साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी केन्द्रपाल पुत्र भीम सिंह निवासी टीचर कालोनी धामपुर को 26 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

केन्द्रपाल ने पूछताछ में यह बताया कि पेपर आरएमएस टेक्नोसोल्यूशंस में छपा था यह प्रश्नपत्र कम्पनी के मालिक राजेश चौहान के माध्यम से प्राप्त हुआ



था। एसटीएफ ने जब राजेश चौहान के सम्बन्ध में गहनता से जानकारी की एवं कुछ अन्य गवाहों के बयानों व टेक्निकल साक्ष्य से यह प्रकाश में आया कि आरएमएस प्रेस का मालिक राजेश चौहान ही प्रश्नपत्र लीक का मुख्य आरोपी है। यही वह कडी है जिसके माध्यम से पेपर पहुंचाया गया एवं उत्तरखाण्ड वीडीओ/वीपीडीओ भर्ती प्रश्नपत्र बडे स्तर पर लीक करवाया गया तथा कई अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध करा कर करोडों रूपये का अवैध धन अर्जित किया गया। एसटीएफ ने राजेश चौहान को विभिन्न तिथियों पर पूछताछ के लिए बुलाया गया था जहां पर गहनता से पूछताछ की गयी। एसटीएफ ने जब राजेश चौहान की सम्पत्ति के सम्बन्ध में जांच की तो पाया कि राजेश चौहान की कम्पनी का टर्नओवर करीब 111 करोड रूपया वार्षिक के आसपास है। चौहान ने पूछताछ में बताया कि पेपर लीक का सौदा दो करोड रूपये में हुआ था। राजेश चौहान के पास करोडों की सम्पत्ति के साथ ही लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पार्टनशीप भी है। राजेश चौहान केन्द्रपाल से कई वर्षो से परिचित था। जिसके माध्यम से यह सारा खेल खेला गया। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि एसटीएफ 10 से 15 दिन के बीच इस मामले में जितने भी आरोपी है सबको गिरफ्तार कर लेगी।

# कांग्रेस विधायक पर हमला दुर्भाग्यपूर्णः माहरा

## ❑एसएसपी उधमसिंहनगर को हटाये जाने की मांग

हमारे संवाददाता

देहरादून/जसपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी के जसपुर विधायक आदेश चौहान पर हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए एसएसपी उधमसिंहनगर पर गम्भीर आरोप लगाये गये है। उन्होने कहा है कि एसएसपी ने विधायक का गनर वापस लेकर उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ किया है। उन्होने मुख्यमंत्री धामी से एसएसपी को हटाये जाने की मांग की है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि आज सुबह करीब 9:30बजे कुछ लोगों द्वारा जसपुर विधायक आदेश चौहान पर घर के अन्दर घुसकर हमला किया गया है। जिसकी प्रदेश कांग्रेस कमेटी घोर निंदा करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होने कहा कि जब एक जनप्रतिनिधि भी अपने आवास पर सुरक्षित नहीं है तो आम जनता का क्या हाल होगा?

### असामाजिक तत्वों पर हो कड़ी कार्यवाहीः लालचंद

देहरादून। जसपुर से कांग्रेस विधायक आदेश सिंह चौहान के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने अभद्रता कर दी। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी गुस्सा है। देहरादून के कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने सीधे तौर पर जसपुर पुलिस को आड़े हाथ लिया है। कहा कि जसपुर विधायक सामाजिक कामों को लेकर सक्रिय रहते है। ऐसे में उन पर असामाजिक तत्वों की ओर से गलत व्यवहार किया गया। इससे साफ है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। लालचंद शर्मा ने सरकार से मांग की है कि इन सभी असामाजिक तत्वो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए नहीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों में उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि जसपुर विधायक आदेश चौहान ने

◀◀ शेष पृष्ठ 4 पर

## भारत के 49वें सीजेआई बने यू.यू. ललित, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ


नई दिल्ली । न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने आज सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ले ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति यू.यू. ललित को भारत के 49वें सीजेआई के रूप में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी.



रमना, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डी.वाई चंद्रचूड़, एस. अब्दुल नजीर, एम.आर. शाह, दिनेश माहेश्वरी, साथ ही सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश और गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने पूर्व सीजेआई रमना की सिफारिश के बाद न्यायमूर्ति ललित को शीर्ष पद पर नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की थी, जिन्होंने 26 अगस्त को पद छोड़ दिया था। 13 अगस्त 2014 को न्यायमूर्ति ललित को बार से सीधे सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था। हालांकि, यू.यू. ललित का प्रधान न्यायाधीश के रूप में एक छोटा कार्यकाल होगा, क्योंकि वह 8 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

# देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 9,520 नए मामले दर्ज, 41 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,520 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,43,98,696 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 87,311 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 41 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,597 पर पहुंच गई। इन 41 मृतकों में वे चार लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम केरल ने कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुन: मिलान करते हुए संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की सूची में डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 87,311 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.20 प्रतिशत है। पिछले



24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,396 की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.62 प्रतिशत हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 2.50 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.80 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक 4,37,83,788 कोविड-19 से उबर चुके हैं, जबकि संक्रमण से मौत की दर 1.19 प्रतिशत है। देश में अब तक कोविड-19 टीके की 211.91 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से जिन लोगों की मौत हुई, उनमें हरियाणा के छह, महाराष्ट्र और पंजाब के चार-चार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के तीन-तीन, दिल्ली, गुजरात और ओडिशा के दो-दो तथा चंडीगढ़, गोवा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश का एक-एक मरीज शामिल है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# ठगों के जाल में फंसता आम आदमी

उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून में ठगों का महाजाल लगातार फैलता ही जा रहा है। पुलिस प्रशासन की लाख हिदायतों के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे है। इन ठगी का शिकार हुए पीड़ित लोगों में वह लोग भी शामिल है जो उच्च शिक्षित वर्ग से आते है। लेकिन फिर भी वह इन ठगों के मायाजाल में फंस कर अपना सब कुछ गंवा बैठते है। राज्य की राजधानी देहरादून में तकरीबन हर रोज ही लोग इन ठगों का शिकार हो रहे है। ताजा मामला राजधानी दून के घंटाघर में ही सामने आया है जहां एक बुर्जुग व्यक्ति को अर्तराज्यीय ठगों द्वारा अपना शिकार बनाते हुए उनकी सोने की चेन ठग ली गयी थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी ठगों को दबोच कर उनके पास से ठगी गयी चेन बरामद कर ली गयी। पिछले दिनों राजधानी देहरादून में एसटीएफ द्वारा कई फर्जी काल सेन्टरों पर छापेमारी कर उनका भंडाफोड़ किया गया था जो विदेशों में लोगों को अपना शिकार बना रहे थे। साईबर अपराध के अलावा राजधानी में कई ऐसे ठग गिरोह सक्रिय है जो नौकरी, जमीन आदी के नाम पर लोगों से ठगी की घटनाएं करते रहते है और ठगी का शिकार हुए यह लोग पुलिस के चक्कर काटते है। कुछ मामलों में खुलासा तो हो जाता है लेकिन कई मामलों में आरोपियों के फरार रहने के चलते मामले लटक जाते है। इस तरह के मामले अखबारों, चैनलो व सोशल मीडिया में चलने के बावजूद भी लोग सबक नहीं लेते है और ठगी का शिकार बन जाते है। ऐसे में आखिर पुलिस कितने लोगों को सर्तक करेगी और कितनो की रकम वापस दिलवायेगी यह सोचनीय सवाल है।



## चमोली पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान

# 70 नाली भूमि से भांग की खेती नष्ट की

संवाददाता

देहरादून। चमोली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए 70 नाली भूमि से अवैध रूप से उगाई गयी भांग की खेती को नष्ट किया गया।

आज यहां पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे के निर्देश पर एक टीम पुलिस उपाधीक्षक सुश्री नताशा सिंह के नेतृत्व में गठित की गयी। गठित टीम के द्वारा सीमान्त क्षेत्र उर्गम एवं आसपास के गांव खाबला, सलना, बडगिडा, देवग्राम में लगभग 70 नाली भूमि पर अवैध रूप से की जा रही भांग की खेती को नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को भांग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। भविष्य में अवैध रूप से भांग की खेती करते हुए पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को नशामुक्ति अभियान में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने व जहां कहीं भी भांग की खेती व जंगली भांग उगी हो उसे मिलकर नष्ट करने व क्षेत्र के नवयुवकों को चरस व गांजे के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी।

# सीपीएम ने आपदा पीड़ितों की सहायता व भर्ती घोटाला की जांच की मांग की

संवाददाता

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों ने आपदा पीडितों की समुचित सहायता व भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को बैठक में विचार रखे। आज यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने हाल ही में प्राकृतिक आपदा में हुई जनधन की हानि पर दुख प्रकट किया है ,इस हादसे मृतकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर 2 सितम्बर को जिलाधिकारी से भेंट करेगी। जिसमें आपदा ,भर्तियों में अनियमिताओं की सीबीआई जांच फसलों का मुआवजा ,मलिन बस्तियों के नियमतिकरण का सवाल ,स्मार्ट सिटी से उत्पन्न समस्याओं ,नशीले पदार्थों पर रोक आदि के विषय में ज्ञापन देकर चर्चा की जाऐगी। इस अवसर पर पार्टी राज्यसचिव राजेंद्र सिंह नेगी ,सुरेंद्र सिंह सजवाण ,शिवप्रसाद देवली ,राजेन्द्र पुरोहित ,अनन्त आकाश ,कमरूद्दीन ,लेखराज ,शम्भु प्रसाद ममगाई ,सुधा देवली भगवन्त पयाल ,हिमांशु चौहान ,नुरैशा अंसारी इन्देश नौटियाल ,विनोद. कुमार आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता कृष्ण गुनियाल ने बैठक गांधी ग्राम में राज्य पार्टी कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री ने किया फूड प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट का शुभारम्भ

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बुग्गावाला, हरिद्वार में एम.बी. फूड्स द्वारा स्थापित फूड प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने फल सब्जी मशरूम आदि के प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम. बी. फूड्स द्वारा स्थापित प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में विकल्प रहित संकल्प के मंत्र लेते हुए अपने मंजिल की ओर बढ़ना चाहिए ताकि हम अपने सपनों को पूरा कर सकें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की बुग्गावाला क्षेत्र में 14 एकड़ पॉली हाउस के निर्माण से रोजगार जनित उद्योग लगाने से विकास की सामूहिक यात्रा तय होगी। इस प्लांट से आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा एवं प्लांट के माध्यम से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। नेचर बेस्टो एवं एम बी फूड्स 150 से 200 परिवारों को रोजगार देकर भरण-पोषण में सहायता कर रहा है। उन्होंने बताया सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत जिस प्रकार से हरिद्वार के लिए मशरूम का चयन किया गया है, उसी प्रकार से प्रदेश में अल्मोड़ा में खुबानी, बागेश्वर में कीवी, चम्पावत में तेजपत्ता एवं मसाले, चमोली में मछली, देहरादून में बेकरी, नैनीताल में आडू, पौड़ी में माल्टा, रूद्रप्रयाग में चौलाई, टिहरी में अदरक, उत्तराकाशी में सेब, ऊधम सिंह नगर में आम एवं पिथौरागढ़ में हल्दी के उत्पादन हेतु चयनित किया गया है, इस योजना के तहत प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण ईकाईयों हेतु 49 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर दिये गये है। जिसके सापेक्ष 28 इकाईयां प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में स्थापित हो गयी हैं। इससे दूर दराज गांव में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय दुगनी करने का लक्ष्य लेकर किए गए प्रयासों एवं प्रदेश के विकास के लिए बढ़ते हुए कदमों में एक और कदम, एमबी फूड्स ने स्थापित किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के तहत कई उद्यमों को खोला गया है जो कि सही मायने में नया भारत, समृद्ध, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर, विकसित भारत की राह दिखा रहा है। उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रदेश में कृषि उत्पादों के बेहतर प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश के उद्यान विभाग द्वारा एमबी फूड्स को मशरुम इकाई स्थापना हेतु हार्टिकल्चर मिशन ऑफ नार्थ-ईष्ट हिमालियाज योजना अंतर्गत 40% अनुदान उपलब्ध करवाया गया तथा, सरकार द्वारा राज्य सेक्टर योजना अंतर्गत पुराने पॉली हाउस की पॉलिथीन बदलाव योजना में भी 50% अनुदान दिया गया एवं पूर्व में हार्टिकल्चर मिशन ऑफ नार्थ-ईष्ट हिमालियाज योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर पॉली हाउस निर्माण एवं जरबेरा पुष्प उत्पादन हेतु भी अनुदान दिया गया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोरोना काल में कोई परिवार भूखा न सोए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन देने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कोरोना काल जैसे संकट में भी देश का विकास नहीं रुका एवं विकास की योजनाएं निरंतर चलती रही। कोरोना काल के बाद मेगा वैक्सीनेशन का कार्य भारत वर्ष में चलाया गया, साथ ही मानवता का परिचय देते हुए दुनिया भर में भारत द्वारा वैक्सीन बांटने का कार्य किया गया। भारत ने हमेशा से सभी के सुख और कल्याण की कामना करते हुए सर्वे भवंतु सुखिन, सर्वे संतु निरामया की भावना का संदेश दिया। उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने, एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा आने वाले समय में हम मुख्यमंत्री मशरूम विकास योजना को भी लागू करेंगे। जिससे 25 हजार लोग लाभान्वित होंगे।

इस दौरान केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक,विधायक श्रीमती सविता कपूर, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, विधायक रवि बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष देहरादून श्रीमती मधु चौहान, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, मनमोहन भारद्वाज, श्री अश्वनी शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

सस्तु माता सस्तु पिता सस्तु श्वा सस्तु विश्पति:।
ससन्तु सर्वे ज्ञातय: सस्त्वयमभितो जन:।।
(ऋग्वेद ७-५५-५)

राज्य में व्यवस्था इतनी उत्तम हो कि माता रात में सुख से सोये। पिता रात में सुख से सोये। रक्षा करने वाला कुत्ता भी सुख से सोये। मुखिया भी सुख से सोये। सभी प्रजा सुख से सोये और किसी प्रकार का भय ना हो।

The order of the state should be so good that the mother sleeps peacefully at night. Father sleeps soundly at night. The guard dog should also sleep soundly. The head also sleeps soundly. All people should sleep peacefully, and there should not be any kind of fear. (Rig Veda 7-55-5)

# कूड़ा निस्तारण केन्द्र ना खोलने के लिए नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

संवाददाता



देहरादून। कूड़ा निस्तारण केन्द्र ना खोले जाने की मांग को लेकरभारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय पार्षद के साथ नगर आयुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

आज यहां चंद्रमणि क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय पार्षद सुखबीर बुटोला के नेतृत्व में नगर आयुक्त देहरादून को ज्ञापन सौंपकर चंद्रमणि में कूड़ा निस्तारण केंद्र ना खोलने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया गया कि चंद्रमणि क्षेत्र एक आबादी बाहुल्य क्षेत्र है यहां पर लगभग 30000 की आबादी निवासरत है और चंद्रबनी तीन तरफ से आबादी से घिरा हुआ जिसके आस पास जहां पर अन्य वार्डों के लोग निवास करते है।

यहां पर नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण केंद्र हेतु भूमि चयन करने के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया जिसका क्षेत्र की जनता स्थानीय जनप्रतिनिधि साथ में पूर्ण रूप से कूड़ा निस्तारण केंद्र का विरोध करती है और किसी भी कीमत में इस कूड़ा निस्तारण केंद्र को यहां पर नहीं खोलने दिया जाएगा। क्योंकि पूर्व में सेलाकुई मे जो कूड़ा निस्तारण केंद्र टचिंग ग्राउंड बनाया गया है वहां पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है और लोग तरह-तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं आने वाले समय में यहां पर भी समस्या उत्पन्न होगी। ज्ञापन देने वालों में भाजपा कार्यकर्ता मदन सिंह, विशाल कुमार, नवीन, अनिल, भोपाल, लोचन प्रसाद, विनोद भंडारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मारपीट में दोनों पक्षों की तरफ से एक दर्जन नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर एक दर्जन लोगों को नामजद करते हुए जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर कल्याण पुर निवासी मानसिंह ने अपने पडोस में रहने वाले नीना व उसके परिवार के छह लोगों के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं नीना ने भी मानसिंह व उसके परिवार के लोगों पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराते हुए आधा दर्जन लोगों को नामजद कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान तेलपुर हरबजवाला की ओर जाने वाले रास्ते पर एक एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से सात ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम राशिद उर्फ तौफिक पुत्र अनवर निवासी मेहूंवाला मस्जिद के पास बताया। वहीं सहसपुर थाना पुलिस ने सहारनपुर रोड तिमली गांव के पास एक युवक को छह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजू पुत्र अयूब निवासी तिमली बताया। पुलिस ने वाहन सीज कर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# महिला से छेडछाड मारपीट करने पर एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला से घर में घुसकर छेडछाड करने व विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतला विहार अजबपुर निवासी महिला ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाला इरफान उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेडछाड करने लगा। उसने जब उसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# युवती से दुष्कर्म में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्तकाशी रूद्रप्रयाग निवासी युवती ने प्रेमनगर थाने में थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां पर किराये का कमरा लेकर रहा रही है तथा काम करती है। उसकी पहचान भटवाडी तहसील जखोली रूद्रप्रयाग निवासी सरजीत कुमार से हो गयी। सरजीत कुमार उसके कमरे में आया और अपने साथ शीतल पेय लेकर आया था। उसने वह शीतल पेय उसको पीने के लिए दिया। उसको पीते ही वह बेहोश हो गयी जिसके बाद सरजीत कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसको जब होश आया तो उसको पता चला कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। जिसके बाद सरजीत कुमार वहां से चला गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लूट के प्रयास में दो नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला से लूट के प्रयास में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर सारथी विहार निवासी रामी देवी राणा ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर पर अकेली थी तभी रिस्पना नगर निवासी राजा अपने एक अन्य साथी के साथ उसके घर में घुस आया और चाकू की नोक पर उसके यहां लूट करने का प्रयास कर रहा था तभी उसके शोर मचाने पर वह दोनो वहां से भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मंत्री ने टेक होम राशन के संबंध में बैठक कर दिये निर्देश



देहरादून। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने टेक होम राशन के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को कहा कि जनवरी तक के सभी देय अतिशीघ्र पूर्ण किये जाए और महिला स्वयं सहायता समूह को जिले में कहीं पर भी कार्य करने का अवसर दिया जाए।

आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में टेक होम राशन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। टेक होम राशन के अर्न्तगत केन्द्र सरकार द्वारा 58 करोड़ के सापेक्ष 35 करोड़ की धनराशि जारी की गयी है, जिससे आंगनवाड़ियों में समयबद्ध रुप से धनराशि नहीं दी जा पा रही है। इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक में काबीना मंत्री जोशी ने अधिकारियों को कहा कि जनवरी तक के सभी देय अतिशीघ्र पूर्ण किये जाए और महिला स्वयं सहायता समूह को जिले में कहीं पर भी कार्य करने का अवसर दिया जाए। जिससे उनके कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो और समूह को और अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गांधी पार्क में आंदोलन धरने में बैठे एसएचजी की महिलाओं को समानात्धामक आश्वासन के साथ वार्ता कर उठाया जाए ताकि आंगनवाड़ियों का कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कामठान, डीपीओ बाल विकास अखिलेश मिश्रा, स्वयं सहायता समूह की महिला कार्यकत्री कोमल,रीता नेगी ,फरीदा, सामरा, फर्जाना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नदी में मिला अज्ञात शव

संवाददाता

देहरादून। नदी में अज्ञात शव मिला जिसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: त्यूणी थाना पुलिस को सूचना मिली कि त्यूणी-आराकोट मार्ग के नीचे पावर नदी में नदी के बीच पानी में एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला।

मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास किए गए किंतु शिनाख्त नहीं हो पायी। जिसके बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए चौकी आराकोट, थाना मोरी, थाना रोहड़ू, जुब्बल हिमाचल प्रदेश आदि क्षेत्रों को सूचना दे दी है। शव सडी गली अवस्था में था जिससे लगता है कि शव 10-15 दिन पुराना है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

# बीएस नेगी महिला पोलिटेक्निक में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



नगर संवाददाता

देहरादून। बी.एस.नेगी महिला पोलिटेक्निक में श्री नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति के तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड की संस्कृति और पर्यावरण के प्रचार-प्रसार हेतू समर्पित आर.जे. काव्या द्वारा पर्यावरण एंव युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी विषय पर संवाद किया गया। जिसमें एचआईडीटी की छात्राओं ने भी भागीदारी की।

बी.एस.नेगी महिला पोलिटेक्निक प्रांगण में सोशल मीडिया स्टार आर.जे.काव्या का जोरदार स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा श्री नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आ.जे.काव्या द्वारा छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व एंव युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी व भागीदारी हेतू प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में गवर्निंग बॉडी के सदस्यों सहित संस्थान के सदस्य व छात्राएं भी मौजूद रही।

# लाखों की स्मैक सहित पत्नी गिरफ्तार पति फरार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से लाखों की स्मैक बरामद की है। मौके से महिला का पति भागने में कामयाब रहा जिसकी तलाश में छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को सरकारी अस्पताल सिरचंदी के पास एक संदिग्ध महिला व पुरुष आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो महिला के साथ मौजूद पुरूष भाग निकला। इस पर जब महिला की तलाशी ली गयी तो उसके पास से 23.57 ग्राम स्मैक, एक इलैक्ट्रानिक तराजू, मोबाइल व 500 रूपये बरामद हुए।

पूछताछ में उसने अपना नाम पाकिजा पत्नी मुन्तजिर उर्फ कल्लू निवासी ग्राम सिरचंदी बताया। बताया कि जो व्यक्ति भागा है वह मेरा पति मुंतजिर उर्फ कल्लू था जो बरेली से स्मैक लाकर उसे हरिद्वार में सप्लाई किया करता था। जिसके साथ मैं भी इस धंधे में जुड़ गयी थी। बताया कि मेरा पति पहले भी स्मैक तस्करी के आरोपों मे जेल जा चुका है। बरामद स्मैक की कीमत दो लाख रूपये बतायी जा रही है। बहरहाल पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं महिला के फरार चल रहे पति की तलाश में छापेमारी जारी है।



## यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामलाः आप ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

नगर संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित किये गए एग्जाम में लगातार सामने आ रही धांधली के खिलाफ सीबीआई जाँच कराने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया है।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से राज्य मे चर्चाओं के केन्द्र में रहे यूकेएसएसएससी पेपर लीक घोटाले में लगातार सामने आ रही धांधली के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग को लेकर आज आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधि मण्डल द्वारा राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट , प्रदेश उपाध्यक्ष व अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी आजाद अली, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर आरपी रतूड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया, गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र आनंद , प्रदेश प्रवक्त कमलेश रमन, अशोक सेमवाल, सीपी सिंह व सागर हांडा शामिल रहे।

## महिला से छेड़छाड़ में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला से छेडछाड के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकपत्थर निवासी महिला ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर के बाहर खडी थी तभी पडोस में रहने वाला राजेश शर्मा उर्फ राजू वहां पर आया और उसके साथ छेडछाड करने लगा तथा उसकी चुन्नी पकडकर खींचने लगा। उसके शोर मचाने पर वह वहां से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कांग्रेस विधायक पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

अपनी विधानसभा में बढ़ रही सूदखोरी के खिलाफ संलिप्त व्यापारियों की जांच, उनके लाइसेंस की जांच एवं उनके इनकम टैक्स की जांच करवाये जाने के लिए एक पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा था। माहरा ने कहा कि इसी बात से नाराज कुछ व्यापारियों ने स्थानीय विधायक के आवास पर जाकर उन पर दबाव बनाने की कोशिश की कि वह अपनी जांच की मांग को वापस ले लें। जब विधायक ने जनहित में उनकी बात मानने से मना कर दिया तो सभी ने तैश में आकर विधायक पर हमला कर दिया। माहरा ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा आदेश चौहान पर हमला करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार कर कुछ ही देर में हमलावरों को सत्तारूढ़ दल के पूर्व विधायक के दबाव में आकर छोड़ दिया। साथ ही विधायक आदेश चौहान के गनर को भी पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी सुरक्षा से हटा दिया? प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये पक्षपातपूर्ण रवैये की निंदा करते हुए कहा कि जहां एक ओर पुलिस प्रशासन को स्थानीय विधायक पर हुए हमले के मद्देनजर उनकी सुरक्षा में बढ़ोतरी करनी चाहिए थी,,वहीं हमलावरों को न सिर्फ कुछ ही घंटों में आजाद कर दिया गया बल्कि आदेश चौहान की सुरक्षा में तैनात एक मात्र गनर तक हटा दिया गया। उन्होने कहा कि ऊधमसिंहनगर के कप्तान दबाव में काम कर रहे हैं। लगातार उस जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दमन किया जा रहा है झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं एवं भाजपा नेताओं के दबाव में पक्षपात किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि जसपुर से चुने हुए जनप्रतिनिधि विधायक आदेश चौहान पर हुए हमले के मद्देनजर पुलिस की लचर कार्यप्रणाली को देखते हुए तत्काल प्रभाव से ऊधमसिंहनगर के कप्तान को हटाया जाए।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# आपके दांतों को रख सकता है स्वस्थ ब्लूबेरी फल



दांतों के रख-रखाव को लेकर माता-पिता बचपन से ही कई तरह की चीजें सिखाना शुरू कर देते हैं क्योंकि दांतों की समस्या बचपन से ही शुरू हो जाती है और इसका सबसे बड़ा कारण है सही टूथपेस्ट का चुनाव न कर पाना और सही तरीके से ब्रश न कर पाना. लेकिन क्या आपको पता है कि एक फल को खाने से भी आप अपने दांतों की रखवाली कर सकते हैं. अगर आप इस फल का सेवन करते हैं तो आपके दांतों की समस्या खत्म हो सकती है.

डेंटिस्ट का मानना है कि अगर टूथपेस्ट और माउथवॉश में ब्लूबेरी का इस्तेमाल करें तो दांतों की सेहत अच्छी बनी रहती है. इस दावे से पहले ही वैज्ञानिकों ने बताया था कि मुंह में बैक्टीरिया की गतिविधि कम करके दांत खराब होने का खतरा कम किया जा सकता है.

ब्लूबेरी जैसे फल पॉलीफिनॉल्स का अच्छा स्रोत होते हैं. पॉलिफिनॉल्स एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को बैक्टीरिया के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करते हैं.

यूनिवर्सिटी ऑफ क्वीन्सलैंड के शोधकर्ताओं ने मुंह के बैक्टीरिया पर क्रैनबेरी, ब्लूबेरी और स्ट्रॉबेरी के असर का परीक्षण किया.

जर्नल ओरल साइंसेज में प्रकाशित हुए नतीजों में पाया गया कि ब्लूबेरी के सेवन से बैक्टीरिया की संख्या में काफी कमी देखी गई है. शोधकर्ताओं का मानना है कि ब्लूबेरी का कैविटीज से लड़ने में प्राकृतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है. ओएचएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, दिन में एक मुट्ठी बेरीज खाने से ओरल हेल्थ की समस्याएं घट सकती हैं. ब्लूबेरीज को ब्रेकफास्ट में कॉर्नफ्लेक्स, योगर्ट या कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है.

# गीले बालों में भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना खराब हो जाएंगे

यह बात हम सभी जानते है कि हर महिला की ख्वाहिश होती है कि उसके बाल अच्छे, लंबे, मजबूत और खूबसूरत हों। बालों की देखभाल करना आसान काम नहीं है क्योंकि छोटी-मोटी गलतियों की वजह से बाल तेजी से खराब होने लगते है। हेयर एक्सपर्ट्स के अनुसार यदि आप लंबे समय तक अपने बालों को अच्छा रखना चाहती हैं तो गीले बालों में ये काम नहीं करें।

भूलकर भी गीले बालों में ब्रश न करें

ज्यादातर महिलाओं को लगता है कि बालों को सुलझाने का सबसे आसान तरीके गीले बालों में ब्रश करना है। जबकि बाल जब गीले होते हैं तो बहुत ज्यादा कमजोर होते हैं और इसमें ब्रश लगाने से ये आसानी से टूटने लगते हैं।

गीले बालों का जूड़ा नहीं बाधे

गीले बालों का जूड़ा बनाना भले दिखने में अच्छा लगता हो लेकिन ये बालों के लिए बहुत हानिकारक होता है। गीले बाल कमजोर होते हैं ऐसे में जूड़ा बनाने या इन्हें रबर बैंड से बांधने में ये तुरंत टूटने लगते हैं।

कुछ लोग गीले बालों को जल्दी सुखाने के लिए ब्लो ड्रायर करते हैं। हमेशा ध्यान रखें कि बाथरूम से निकलते ही ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें। पहले बालों को थोड़ा सुखा लें उसके बाद हल्के गीले बालों में ड्रायर का इस्तेमाल करें। ड्रायर की सेटिंग हमेशा मीडियम पर रखें और धीरे-धीरे हाई पर ले जाएं।

गीले बालों में भूलकर भी नहीं सोना चाहिए। क्योंकि इससे स्कैल्प के फोलिसेल को नुकसान पहुंचता है। अगर आपने रात में बाल धोया तो इसे पूरी तरह सूखाने के बाद ही बिस्तर पर लेटें।

कई लोगों को लगता है कि बालों को हवा में सुखाना एक नेचुरल तरीका है जो बालों के लिए अच्छा है। ये लोगों की बहुत बड़ी गलतफहमी है। हवा में बाल सुखाने से बाल उलझ जाते हैं और कंघी करने पर टूटने लगते है। इसी तरह कभी भी तौलिए से रगड़ कर बालों को नहीं सुखाना चाहिए। इससे भी बाल टूटते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -43

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# एक्टिंग की दुनिया में कमबैक करेंगी गीता बसरा!

बॉलीवुड एक्ट्रेस गीता बसरा ने साल 2006 में आई फिल्म दिल दिया है से बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में एक्ट्रेस के अपोजिट इमरान हाशमी और अश्मित पटेल नजर आए थे। इसके बाद गीता को इमरान हाशमी की द ट्रेन में देखा, जो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्मों में काम करने के बाद गीता बसरा ने 29 अक्टूबर 2015 को पंजाब के जालंधर में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह से शादी की। उनकी एक बेटी हिनाया हीर प्लाहा है, जिसका जन्म 27 जुलाई 2016 को पोर्ट्समाउथ, हैम्पशायर में हुआ था।

बेटी को जन्म देने के बाद गीता बसरा ने एंटरटेनमेंट की दुनिया से ब्रेक ले लिया था। बीते साल 10 जुलाई के दिन गीता बसरा एक बेटे जोवन वीर सिंह प्लाहा को जन्म दिया। गीता बसरा को आखिरी बार 2016 में आई फिल्म लॉक में देखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक गीता बसरा लगभग 6 साल के बाद एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। दरअसल गीता बसरा ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की सुपरहिट फिल्म शेरशाह के प्रोड्यूसर शब्बीर बॉक्सवाला के साथ अपकमिंग फिल्म के लिए हाथ मिलाया है।

इस फिल्म का निर्देशन पवन वाडेयार कर रहे हैं। इसका टाइटल नोटरी रखा गया है। फिल्म में गीता के अपोजिट परमब्रत चटर्जी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग 45 दिनों के सिंगल शेड्यूल में भोपाल में होगी। शूटिंग 5 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसकी पुष्टि करते हुए गीता ने कहा, मैं बहुत खुश जगह में हूं। शब्बीर ने मुझे फोन किया और मुझे एक भूमिका की ऑफर की जो मुझे बहुत पसंद आई। मुझे एक ऐसी भूमिका के साथ वापसी करने में खुशी हो रही है जो मेरे लिए सही है। पवन वाडेयार ने साउथ के स्टार यश के साथ अपनी पहली हिट गुगली दी। पवन की फिल्म डोलू ने कन्नड़ में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का 68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 जीता था।

# प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होतीः सीरत कपूर

दोस्ती और प्रसिद्धि मे सबसे जयदा महत्वपूर्ण क्या है उनके लिए, इसपर अभिनेत्री का कहना है , दोस्ती, प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती । इन सम्बन्धो को कायम दिल के करीब बहोत प्रेम के साथ रखना चाइये।

चाहे वह एक आम आदमी हो या एक प्रसिद्ध हस्ती, हर एक को अपने जीवन में एक करीबी दोस्त की जरुरत होती हैं जो जीवन के हर पड़ाव में उनका साथ देता है। अपने जीवन के इनिशियल फेज से लेकर अडुल्टिंग तक, वो आपके साथ रहते आपके परिवार जैसे, और हमारी अभिनेत्री सीरत कपूर भी इसी बात पर विश्वास रखती है। अपने अद्भुत व्यक्तित्व और अभिनय कौशल के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सीरत के बारे में एक बात जो ज्यादातर लोगों को पता नहीं है, वह यह है कि उन्हें अपने करीबी लोगो से काफी लगाव है और उन्हें अपने पसंदीदा लोगो को उनके दिल के करीब रखना पसंद हैं।

बॉलीवुड इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है, जो ग्लैम से भरपूर है लेकिन काफी संघर्ष और मेहनत के साथ आती है। समय की कोई निश्चितता नहीं होने के कारण, अभिनेताओं को अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करना बहोत महत्वपूर्ण हे । अपने दोस्तों के लिए अपने बिजी स्केडुल से कुछ समय निकालने पर अभिनेत्री कहती है, ऐसे कई पहलू हैं जो मानव जीवन को बनाते हैं और उनमे से एक है दोस्ती । जबकि मेरा मानना है कि समान समय बनाना महत्वपूर्ण हे और अपने पर्सनल रिलेशन्स को मेन्टेन करना बहोत महत्वपूर्ण हे । मुझे लगता है कि जब इरादे ईमानदार होते हैं, तो वे आमतौर पर खुद हो जाता हे दोस्ती और प्रसिद्धि मे सबसे जयदा महत्वपूर्ण क्या है उनके लिए, इसपर अभिनेत्री का कहना है , दोस्ती, प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती । इन सम्बन्धो को कायम दिल के करीब बहोत प्रेम के साथ रखना चाइये।

# नदी में गिरकर लापता व्यक्ति का शव एसडीआरएफ ने किया बरामद

संवाददाता

देहरादून। बडकोट के पास स्यानाचटटी में नदी में गिरे व्यक्ति के शव को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर शाम स्यानाचट्टी के निकट एक व्यक्ति पैर फिसलने से यमुना नदी मे गिरकर लापता हो गया था, जिला पुलिस द्वारा विगत दिवस उक्त युवक की गहन खोजबीन की गयी परन्तु युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। आज प्रातः उक्त घटना के बावत थाना बड़कोट से एसडीआरएफ को सूचना दी गयी। उक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआएफ रेस्क्यू टीम उप निरीक्षक निरंजन बर्थवाल के हमराह मय रेस्क्यू उपकरण सहित तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर यमुना नदी मे गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा कड़ी मशक्कत से शव को नदी के बीच से किनारे पर लाया गया जिसके उपरान्त स्ट्रेचर बोर्ड के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतक की पहचान सुख बहादुर पुत्र मन बहादुर निवासी स्यानाचट्टी के रूप में हुई।

# फिल्म सेल्फी में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाने को रीक्रिएट करेंगे अक्षय



दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सेल्फी में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की हिंदी रीमेक है। इसका निर्देशन फिल्ममेकर राज मेहता कर रहे हैं। फिल्म अगले साल 24 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। कहा जा रहा है कि अक्षय इस फिल्म में अपने गाने मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी को रीक्रिएट करेंगे। उम्मीद है कि एक बार फिर इस गाने में अक्षय का पुराना अंदाज देखने को मिलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाने को अक्षय सेल्फी में रीक्रिएट करते नजर आएंगे। सैफ अली खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 28 साल हो गए हैं, लेकिन सेल्फी के लिए मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी की धुन पर फिर से थिरकना अब भी सबसे प्यारी यादों को ताजा करता है।

गाना मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी को इसी नाम से 1994 में आई फिल्म में फिल्माया गया था। गाने में अक्षय और सैफ ने अपने डांस ने समां बांध दिया था। यह गाना उस समय काफी चर्चित हुआ था। कंपोजर अनु मलिक ने इसका संगीत तैयार किया था। गाने को अभिजीत और उदित नारायण ने अपनी आवाज दी थी। माया गोविंद ने इस गाने को लिखा था। अब देखना दिलचस्प होगा कि गाने के नए वर्जन को कैसी प्रतिक्रिया मिलती है।

अक्षय और सैफ ने पर्दे पर कई फिल्मों में साथ काम किया है। ये दिल्लगी, कीमत- दे आर बैक, तू चोर मैं सिपाही और टशन जैसी फिल्मों में दोनों की जोड़ी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है।

सेल्फी को करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस प्रोड्यूसर कर रही है। साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म को प्रोड्यूस करने में सहयोग करेंगे। इसमें अक्षय के साथ इमरान हाशमी और नुसरत भरूचा मुख्य भूमिकाओं में हैं। ड्राइविंग लाइसेंस की अवधारणा एक पुलिस वाले और एक सुपरस्टार के इर्दगिर्द घूमती है। इसमें एक पुलिस वाला उस सुपरस्टार का बहुत बड़ा प्रशंसक होता है। संघर्ष तब बढ़ जाता है, जब सुपरस्टार पुलिस वाले के साथ दुर्व्यवहार करता है।

अक्षय के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल में रक्षा बंधन में भूमि पेडनेकर के साथ दिखे हैं। वह साउथ फिल्म रक्षासुड़ु की हिंदी रीमेक और सुपरस्टार सूर्या की तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक का हिस्सा हैं। फिल्म राम सेतु में भी अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। इसमें उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आएंगी।

# दक्षिणी सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं कनिष्क सोनी

लोकप्रिय टीवी शो 'दीया और बाती हम', 'पवित्र रिश्ता' और 'देवी आदि पराशक्ति' का हिस्सा रह चुकीं कनिष्क सोनी दक्षिण के सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं। वह कहती है, दक्षिण मनोरंजन उद्योग का हिस्सा होने से मुझे अभिनय सीखने में मदद मिली है। मुझे 'देवराय' में श्रीकांत जैसे लोकप्रिय सितारों के साथ काम करने का अनुभव है, विवेकानंदन, जिन्हें पेशेवर रूप से विवेक के रूप में जाना जाता है, फिल्म 'पथयराम कोडी' और भी एस. एस. राजामौली सर के साथ। आज के सभी अनुभव मुझे हॉलीवुड प्रोजेक्ट प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं।

कनिष्क ने कनाडा स्थित लेखक-निर्देशक यासर शेख द्वारा बनाई गई एक लघु फिल्म, च्वाइस इज योर नामक एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना में भी काम किया। उन्होंने टीवी उद्योग को इसका हिस्सा बनने के लिए और इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय या हॉलीवुड परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए छोड़ दिया।

कनिष्क, जो पेशे से एक गायिका भी हैं, ने लाइव शो के लिए जाने-माने गायकों के साथ प्रदर्शन किया है, जिसमें हार्डी संधू और दिवंगत गायक, सिद्धू मूसेवाला शामिल हैं, का कहना है कि जल्द ही वह हॉलीवुड परियोजनाओं के लिए भी गाएंगी।

अभिनय के अलावा, मैं संगीत में भी बहुत सक्रिय हूं। मैं संगीत समारोहों में बॉलीवुड गाने गाकर यहां मनोरंजन करता हूं। और जल्द ही मैं हॉलीवुड के गीतों को भी अपनी आवाज देने की योजना बना रहा हूं।

# अंजलि अरोड़ा ने दिया सैयां दिल में आना रे को नया रूप



लोकप्रिय रेट्रो गीत सैयां दिल में आना रे के नए संस्करण के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। लॉक अप फेम अंजलि अरोड़ा गाने के नए वर्जन में आएंगी नज़र। जोश और उत्साह से भरने वाला, नवीनतम रेट्रो वर्जन देश को झूमने पर मजबूर करने वाला गीत है। अपने ग्लैमरस अवतार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए, अंजलि अरोड़ा ने गाने में किलर डांस मूव्स किए हैं।

मूल रूप से एस डी बर्मन द्वारा रचित और शमशाद बेगम द्वारा गाया गया, इस ट्रैक को गौरव दासगुप्ता के संगीत और श्रुति राणे के गायन के साथ एक नया रूप दिया गया है। यह फुट-टैपिंग गीत निश्चित रूप से श्रोताओं को प्रिंस गुप्ता द्वारा कोरियोग्राफ किए गए हुक स्टेप्स पर थिरकने के लिए प्रेरित करेगा। गाने में अंजलि अरोड़ा दो ग्लैमरस एथनिक अवतार में नज़र आ रही हैं।

एक लुक में उन्होंने हल्के गुलाबी रंग का लहंगा पहना हुआ है और दूसरे में उन्होंने लेमन येलो रंग का लहंगा पहना हुआ है। सोशल मीडिया सनसनी अंजलि ने कंट्रास्ट चूड़ियों और पारंपरिक गहनों के साथ अपने लुक को पूरा किया है। अपने भीतर की दिवा को सामने लाते हुए, अंजलि ने अपने आकर्षक लुक्स और मंत्रमुग्ध कर देने वाले भावों के साथ गाने की शोभा बढ़ाई है।

रिलीज किए गए गाने के बारे में बात करते हुए, अंजलि अरोड़ा ने कहा, यह मेरी खुशी है कि मैं वैजयंतीमाला जी के इस लोकप्रिय ट्रैक की नई कल्पना का हिस्सा बनी हूं। एक अद्भुत टीम के साथ इस गाने पर काम करना जिन्होंने पूरे जुनून के साथ इसे बनाया है बहुत मजेदार रहा। मैं उन लोगों की आभारी हूं जो रिलीज होने से पहले गाने के बारे में उत्साहित थे।

गौरव दासगुप्ता ने कहा, मैं एस डी बर्मन साहब द्वारा रचित एक खूबसूरत धुन को फिर से देखने का अवसर पाकर धन्य महसूस करता हूं। मैं एक क्लासिक गीत के हमारे संस्करण के लिए श्रोताओं की प्रतिक्रिया देखने का इंतजार नहीं कर सकता। अंजलि के साथ काम करना बेहद उत्साहित करने वाला सफर था। सारेगामा द्वारा प्रस्तुत, सैयां दिल में आना रे सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# कथनी और करनी का विरोधाभास

अजीत द्विवेदी

सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले किसी भी नेता की बातों का असर तभी होता है, जब उसकी कथनी और करनी में अंतर न हो। अगर कथनी और करनी में अंतर है तो बातें चाहे कितनी भी बड़ी और आदर्शवादी हों, उनका कोई मतलब नहीं रह जाता है क्योंकि दुनिया आपका आचरण देखती है, उपदेश नहीं सुनती। महात्मा गांधी इस सिद्धांत को शब्दश: मानते थे। उन्होंने कोई उपदेश नहीं दिया, बल्कि अपने आचरण से रास्ता दिखाया। अफसोस की बात है कि गांधी को याद करते हुए देश के प्रधानमंत्री ने लाल किले से कई बातें कहीं, जिनके बिल्कुल उलट काम उनकी पार्टी कर रही है। उनकी कही बातों में और पार्टी के आचरण में अंतर भर नहीं है, बल्कि विरोधाभास है। नेताओं की कथनी और करनी में थोड़ा-बहुत अंतर हो तब भी उसे स्वीकार किया जा सकता है लेकिन अगर विरोधाभास हो तो उसे क्या कहा जाएगा!

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को देश के विकास और लोकतंत्र दोनों के लिए बहुत खतरनाक माना। इतना खतरनाक माना कि उन्होंने देश के लोगों से भ्रष्टाचार के साथ साथ भ्रष्टाचारियों से नफरत करने की अपील कर डाली। उन्होंने इस बुराई को मिटाने के लिए देश के लोगों से सहयोग की अपील की। इस अपील के तीसरे दिन 17 अगस्त को भाजपा ने बीएस येदियुरप्पा को संसदीय बोर्ड का सदस्य बना दिया। येदियुरप्पा के ऊपर भ्रष्टाचार के अनेक मामले चल रहे हैं। अवैध खनन के आरोपों की वजह से उनको 2011 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उस समय अवैध खनन का कथित घोटाला तीन अरब डॉलर का था यानी आज के हिसाब से करीब 24 हजार करोड़ रुपए का। विधायकों, सांसदों के मामले सुनने के लिए बनी अदालत ने पिछले दिनों येदियुरप्पा के ऊपर जमीन घोटाले का मामला चलाने की अनुमति दी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगाई है। यह मामला 2006-07 का है, जब येदियुरप्पा गठबंधन की सरकार में उप मुख्यमंत्री थे। आरोप हैं कि उन्होंने आईटी पार्क के लिए आवंटित बेंगलुरू की 434 एकड़ जमीन डिनोटिफाई करके उसका भू उपयोग बदल दिया था। यह भी हजारों करोड़ रुपए का मामला है।

इसके अलावा विधायकों की खरीद-फरोख्त और पैसे के लेन-देन के आरोप लगे हैं। सरकार की 24 एकड़ जमीन निजी कंपनियों को देने के आरोप लगे हैं। बेंगलुरू के अपार्टमेंट घोटाले में आरोप लगे थे, जिसकी जांच के आदेश हाई कोर्ट ने दिए थे। भ्रष्टाचार के ऐसे अनेक आरोपों से घिरे येदियुरप्पा अब भाजपा में फैसला करने वाली सर्वोच्च ईकाई के सदस्य हैं। कहां तो भ्रष्टाचारियों से नफरत करने की बात थी और कहां भ्रष्टाचार के आरोपी साथ बैठे होंगे! इतना ही नहीं येदियुरप्पा परिवारवादी राजनीति के भी पोषक हैं। उनके के एक बेटे बीवाई राघवेंद्र लोकसभा के सांसद हैं और दूसरे बेटे बीवाई विजयेंद्र के लिए उन्होंने अपनी विधानसभा सीट छोड़ने का ऐलान किया है। यानी जाते जाते वे अपने दोनों बेटों को भाजपा और कर्नाटक की राजनीति में स्थापित करके जाएंगे। लेकिन इसे परिवारवाद नहीं माना जाएगा और इससे किसी योग्य व्यक्ति का अवसर नहीं मारा जाएगा क्योंकि यह काम भाजपा के बड़े नेता कर रहे हैं। यह भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर कथनी-करनी का अंतर नहीं है, बल्कि विरोधाभास है!

इसी तरह प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में नारी के अपमान का मुद्दा उठाया और देश के लोगों से अपना व्यवहार बदलने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि स्त्रियां भारत की सबसे बड़ी पूंजी हैं और उनमें निवेश करें तो देश को बहुत फायदा होगा। इसके तीन दिन बाद संसदीय बोर्ड का पुनर्गठन हुआ तो 11 सदस्यों के बोर्ड में सिर्फ एक महिला को जगह मिली। यानी महज नौ फीसदी प्रतिनिधित्व!

स्त्रियां पूंजी हैं तो क्या भाजपा के पास इस पूंजी की कमी है या भाजपा को इसमें निवेश नहीं करना है? देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व सिर्फ नौ फीसदी! इसी तरह नारी के अपमान पर प्रधानमंत्री के भावुक होने के दिन ही गुजरात में भाजपा की सरकार ने गर्भवती बिलकिस बानो से बलात्कार करने और उनकी तीन साल की बच्ची सहित परिवार के कई लोगों की हत्या कर देने के दोषियों को जेल से रिहा कर दिया। बलात्कारी और हत्यारे जेल से रिहा हुए तो उनका सार्वजनिक अभिनंदन हुआ, उन्हें माला पहनाई गई और मिठाइयां बांटी गईं। सोचें, यह प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के गृह राज्य में हुआ। नारी के अपमान की इससे बड़ी कोई घटना हो सकती है? यहां भी कथनी और करनी में थोड़ा बहुत अंतर नहीं है, बल्कि विरोधाभास है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से युवाओं की बात कही। उन्होंने 20-25 साल की उम्र के युवाओं को अगले 25 साल यानी अमृत काल के 25 साल का संकल्प करने को कहा। लेकिन भाजपा के संसदीय बोर्ड का गठन हुआ तो सिर्फ बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों को जगह मिली। उसमें सबसे कम उम्र के सदस्य बीएल संतोष हैं, जिनकी उम्र 53 साल है। फिर अमित शाह हैं, जिनकी उम्र 57 साल है। उसके बाद सर्बानंद सोनोवाल और सुधा यादव हैं, जिनकी उम्र 59 साल है। बाकी सारे सदस्य 60 साल से ऊपर के हैं। चार सदस्य- नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और सत्यनारायण जटिया 70 साल से ऊपर के हैं। इससे पहले आखिरी बार जब संसदीय बोर्ड का गठन हुआ था तब कोई भी सदस्य 70 साल का नहीं था।

सो, चाहे भ्रष्टाचार हो, परिवारवाद हो, युवा हो या महिला हो या और भी कोई विषय हो, भाजपा की कथनी और करनी में विरोधाभास होता है। खुद प्रधानमंत्री कहते कुछ हैं और उनकी पार्टी करती कुछ है।

हर मामले में मेरा-तेरा का भाव है। मेरे नेता पर भ्रष्टाचार है तो वह भ्रष्टाचारी नहीं है। मेरा नेता अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ा रहा है तो वह परिवारवादी नहीं है।

इस तरह के चुनिंदा नजरिए से किसी भी सरकार या पार्टी का संकल्प कमजोर होता है या उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। लोग जब तक किसी चमत्कार की वजह से साथ में बंधे हैं तब तक बंधे हैं लेकिन इतिहास ऐसे नेताओं से नहीं बनता है। चुनाव जीतना एक बात है और बड़ा नेता होना दूसरी बात है।

# सवाल ताकत और रणनीति का

आखिरकार चीन का सर्वे जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। स्पष्टत: भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि श्रीलंका ने उसका आना नहीं रोका, तो भारत अगला कदम क्या उठाएगा।

मीडिया में ऐसी रिपोर्टें की भरमार रही कि भारत सरकार ने श्रीलंका से चीन के कथित तौर पर जासूसी में सक्षम जहाज को कोलंबो के पास हंबनटोटा बंदरगाह पर ना आने देने को कहा है। भारत ने इस जहाज के वहां आने को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताया। भारत की बात का असर भी हुआ। श्रीलंका ने पहले इजाजत देने के बाद भी चीन से कहा कि वह जहाज का हंबनटोटा पहुंचा टाल दे। लेकिन चीन ने इस स्वीकार नहीं किया। समझा जाता है कि इसके बाद चीन ने श्रीलंका को धमकी।

दिवालिया हो चुका श्रीलंका चीन की धमकियों में आ गया। आखिरकार चीन का सर्वे जहाज युवान वांग-5 मंगलवार को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। जाहिर है, इससे भारत के लिए असहज स्थिति बनी है। कूटनीतिक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि अगर श्रीलंका ने उसकी बात नहीं मानी, तो वह अगला कदम क्या उठाएगा। एक राय यह भी जताई गई है कि भारत की वर्तमान सरकार देश की वास्तविक शक्ति के आकलन के आधार पर नहीं, बल्कि उस शक्ति के आधार पर कदम उठाती है, जिसे उसने अपनी कल्पनाओं में जगह दे रखी है।

इसका परिणाम अब सामने आया है। श्रीलंका पर चीन का काफी प्रभाव है, ये बात जग-जाहिर है। ये प्रभाव एक दिन में नहीं बना है।

श्रीलंका ने 2017 में ही हंबनटोटा बंदरगाह को 99 साल की लीज पर चीन को दे दिया था। चीन ने अपनी इसी खास स्थिति का इस्तेमाल किया। खबरों के मुताबिक छह अगस्त को श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय ने छह अगस्त को और अधिक राय-मशविरे की जरूरत बताते हुए चीन से जहाज का आगमन टालने का अनुरोध किया, तो चीनी अधिकारी गुस्से से उबल पड़े। इस सिलसिले में हुई बैठकों के दौरान चीन ने श्रीलंका के संभावित परिणामों की चेतावनी दी। कहा कि श्रीलंका पर मौजूद चीन के कर्ज को लौटाने का कार्यक्रम फिर से तय करने, चार बिलियन डॉलर की सहायता उसे देने, और मुक्त व्यापार समझौते को लेकर चीन के साथ चल रही उसकी बातचीत पर इस मामले का असर पड़ेगा। तब श्रीलंका को झुकना पड़ा। जाहिर है, ये घटनाक्रम एक सबक है।( आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# भाजपा की नई रणनीति

वेद प्रताप वैदिक

भाजपा ने पहले राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति नियुक्त किए। और अब उसने अपने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन कर दिया। इन दोनों निर्णयों में नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जगतप्रकाश नड्डा ने बहुत ही व्यावहारिक और दूरदर्शितापूर्ण कदम उठाया है। इन चारों मामलों में सत्तारुढ़ नेताओं का एक ही लक्ष्य रहा है- 2024 का अगला चुनाव कैसे जीतना? इस लक्ष्य की विरोधी दल आलोचना क्या, निंदा तक करेंगे। वे ऐसा क्यों नहीं करें?

उनके लिए तो यह जीवन-मरण की चुनौती हैं? उनका लक्ष्य भी यही होता है लेकिन इस मामले में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा की चतुराई देखने लायक है। उसने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश के आदिवासियों को भाजपा से सीधा जोड़ लेने की कोशिश की है और भारत की महिला मतदाताओं को भी आकर्षित किया है। उप-राष्ट्रपति के तौर पर श्री जगदीप धनखड़ को चुनकर उसने देश के किसान और प्रभावशाली जाट समुदाय को अपने पक्ष में प्रभावित किया है।

अब संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति के चुनाव में भी उसकी यही रणनीति रही है। इन संस्थाओं में से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के नाम हटाने पर काफी उहा-पोह मची हुई है। सड़क मंत्री के तौर पर गडकरी की उपलब्धियां बेजोड़ हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों सज्जनों में भावी प्रधानमंत्री बनने की योग्यता देखी जा रही है।

यह कुछ हद तक सच भी है लेकिन महाराष्ट्र से देवेंद्र फड़नवीस और मप्र से डॉ. सत्यनारायण जटिया को ले लिया गया है। ये दोनों ही बड़े योग्य नेता हैं। डॉ. जटिया तो अनुभवी और विद्वान भी हैं। वे अनुसूचितों का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिवराज चौहान भी काफी सफल मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन इन समितियों में किसी भी मुख्यमंत्री को नहीं रखा गया है।

जिन नए नामों को इन समितियों में जोड़ा गया है, जैसे भूपेंद्र यादव, ओम माथुर, सुधा यादव, बनथी श्रीनिवास, येदुयुरप्पा, सरकार इकबालसिंह, सर्वानंद सोनोवाल, के. लक्ष्मण, बी.एल. संतोष आदि- ये लोग विभिन्न प्रांतों और जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सब भाजपा की चुनावी-शक्ति को सुदृढ़ करने में मददगार साबित होंगे।

इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं माना जाना चाहिए कि ये नेता जिन वर्गों या जातियों से आते हैं, उनका कोई विशेष लाभ होनेवाला है।

लाभ हो जाए तो उसे शुभ संयोग माना जा सकता है। जिन नेताओं के नाम हटे हैं, उन्हें मार्गदर्शक मंडल के हवाले किया जा सकता है, जैसे 2014 में अटलजी, आडवाणीजी और जोशीजी को किया गया था। वे नेता तो 8 साल से मार्ग का दर्शन भर कर रहे हैं। नए मार्गदर्शक नेता शायद मार्गदर्शन कराने की कोशिश करेंगे।

# योजनाओं में अनिमितताओं को लेकर टिहरी विधायक ने की कार्यवाही की मांग

हमारे संवाददाता

टिहरी। जाखणीधार विकास खण्ड में पेयजल के गम्भीर संकट और जल जीवन मिशन के लगभग 11 करोड़ की योजनाओं के कार्यों में व्याप्त अनियमितताओं के सम्बन्ध में विधायक किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री और प्रभारी मन्त्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र के माध्यम से टिहरी भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा है कि 'जल, जीवन, मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की महत्वकांक्षी योजना है। आप: ददाति जीवनम् जल ही जीवन देता है। उन्होने कहा कि मैंने राज्य और टिहरी के सरोकारों को लेकर जब लम्बी भूख हड़ताल की और जल ग्रहण न करने का अल्टीमेटम दिया तो राज्य के वरिष्ठ चिकित्सकों के प्रतिनिधि मण्डल ने मुझे ऐसा न करने की सलाह दी और कहा कि तीन दिन के बाद पानी न लेने से जीवन संकट में पड़ सकता है। प्राण, वायु के बाद जल और उसके बाद अन्न के बिना जीवन सम्भव नहीं है।



उन्होने कहा कि प्रधानमन्त्री इस बात को भली-भाँति जानते हैं और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जल-प्रबन्धन को ही प्राथमिकता दी, जो मोदी माडल के रूप में विख्यात है। उन्होने कहा कि टिहरी पावर हाउस जाखणीधार में स्थित है, टिहरी बाँध की आधारशिला भी जाखणीधार ही है। अत्यन्त दुःख का विषय है कि लगभग 11 करोड़ खर्च करने के बाद भी यहाँ के निवासी बूँद-बूँद पानी को तरस रहे हैं। यह पैसा कहाँ गया है? यक्ष प्रश्न है। हमारी राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में जीरो टोलरेंश की भावना से कार्य कर रही है और राजधानी से सटे जिले की यह हालत हो तो, दुःख का विषय है। उन्होने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा है कि इस प्रकरण पर सम्बन्धित दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय और यहाँ के निवासियों को शुद्ध जल उपलब्ध करने की व्यवस्था की जाये।

# अब उत्तराखंड विधानसभा की तदर्थ भर्तियां भी आई विवादों में !

देहरादून (कासं)। उत्तराखंड विधानसभा की करीब 73 लोगों की तदर्थ भर्तियां भी अब विवादों में आ गई हैं। विधानसभा में बैक डोर नौकरी भर्ती देने के की बात को लेकर कांग्रेस लगातार बीजेपी को घेर रही है। इस मामले में जब मीडिया के सवाल पर कैबिनेट मंत्री व पूर्व विस अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विधानसभा स्पीकर थे तो आवश्यकता अनुसार ही उन्होंने विधानसभा में अभ्यर्थियों की भर्ती करवाई। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले भी जब-जब विधानसभा स्पीकर को जरूरत लगती है तो विधानसभा में भर्तियां की जाती है।



उन्होंने कहा कि हमारे समय में जो भर्तियां की गई उस समय गैरसैंण में ग्रीष्मकालीन राजधानी के तहत स्टाफ की जरूरत थी जिन को अस्थाई तौर पर रखा गया है और विपक्ष इसमें बेवजह तूल दे रहा है। उन्होंने कहा कि 21 सालों में पहली बार ऐसा हुआ है जब सभी भर्तियों को आयोग के माध्यम से करवाया गया है और अगर कोई किसी कारणवश कोर्ट जाता है तो इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता लेकिन हर भर्ती में पारदर्शिता को पूरी तरह रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है और कांग्रेस अपने गिरेबान में झांक कर देखें कि उनके कार्यकाल में विधानसभा स्पीकर द्वारा कितने लोगों को अवैध रूप से नौकरी में लगाया गया है।

कांग्रेस का आरोप है कि भर्ती के नाम पर हजारों अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए, लेकिन भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं हुई। उलटे पिछले दरवाजे से मंत्रियों, सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओं के करीबियों को नौकरियों पर रख लिया गया।

# सत्यापन अभियान चला किया 18 पर एक लाख अस्सी हजार का जुर्माना

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर किरायेदारों की सूचना ना देने पर 18 मकान मालिकों पर एक लाख अस्सी हजार का जुर्माना किया।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय एवं क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रानीपोखरी के द्वारा थाना स्तर पर टीमें गठित कर जगह-जगह सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में आज थानाध्यक्ष रानीपोखरी के नेतृत्व में 02 सब इंस्पेक्टर, 15 कॉन्स्टेबल व 02 महिला कॉन्स्टेबल की अलग अलग टीमे गठित कर शांति नगर कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों तथा बाजार में रेहड़ी ठेली एवं फड़ लगाने वाले बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध सत्यापन अभियान चलाया गया तथा सत्यापन के साथ-साथ घरों पर मौजूद मोटरसाइकिल के नंबरों को भी तस्दीक किया गया व कागजात चेक किए गए सभी मोटरसाइकिल है सही पाई गई तथा सत्यापन भी काफी लोगों द्वारा कराया गया था। कुछ मकान मालिकों व प्लॉट मालिकों द्वारा प्लॉट में बाहरी व्यक्तियों को झुग्गी लगाने को दिया गया है तथा उनका सत्यापन नहीं कराया गया था। जिस पर सत्यापन न कराए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई है। पुलिस ने 18 मकान मालिकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनपर एक लाख 80 हजार रूपये का जुर्माना किया।

# राज्य गठन से लेकर अब तक हुई भर्तियों की हो सीबीआई जांचःमोर्चा

संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि राज्य गठन कि बाद जितनी भी भर्तियां हुई हैं उनकी सीबीआई जांच करायी जाये।



आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जिस प्रकार से नौकरियों/ भर्तियों में परत दर परत धांधलियां सामने आ रही हैं, ऐसे में आवश्यक हो गया है कि राज्य गठन से लेकर आज की भर्तियों की सीबीआई जांच हो, जिससे होनहार युवाओं को सकून मिल सके एवं गिरोह का खात्मा किया जा सकें।

नेगी ने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है कि अधिकारियों एवं दलालों के गिरोह ने परीक्षा में इन होनहार युवाओं को दरकिनार कर मोटी रकम लेकर नौकरियां बांटी। नेगी ने कहा कि प्रदेश का उच्च शिक्षित, होनहार एवं सिफारिश विहीन युवा पांच-सात हजार की नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है तथा वहीं दूसरी ओर दलालों के माध्यम से नौकरी पाए लोग मौज-मस्ती काट रहे हैं। कई सेटिंग बाज एवं बैक डोर से नौकरी पाए लोग आज बड़े-बड़े पदों पर कुंडली मारे बैठे है। मोर्चा राजभवन से मांग करता है कि राज्य गठन से लेकर आज तक हुई तमाम भर्तियों/ नियुक्तियों की सीबीआई जांच कराएं। पत्रकार वार्ता में दिलबाग सिंह, विजय राम शर्मा व अमित जैन मौजूद थे।

# छात्राओं ने महिला समानता दिवस पर सीखे आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता

देहरादून। सरदार महिपाल राजेंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया में महिला समानता दिवस पर जूडो कराटे मार्शल आर्ट के माध्यम से छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के अनेक गुर सिखाए और महिलाओं को समाज में आत्मनिर्भर बनने और समाज में समान रूप से सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज यहां महिला समानता दिवस के अवसर पर सरदार महिपाल राजेंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया में अबला नहीं हम सबला हैं तक ब्लैक बेल्ट जिला अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय कोच जूडो कराटे मार्शल आर्ट क्रीड़ा भारती ब्लैक बेल्ट श्रीमती स्वाति तोमर के द्वारा जूडो कराटे मार्शल आर्ट एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि समानता एक सुंदर सुरक्षित समाज की वह नीव है जिस पर विकास रूपी इमारत बनाई जा सकती है। तोमर ने कहा कि कल का समाज कैसा होगा यह आज के युवा ही तय करेंगे ऐसे में महिलाओं को लेकर सामाजिक पूर्वाग्रहों को तोड़ने के लिए युवाओं को आगे आना होगा क्योंकि समाज महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग से मिलकर बना है दोनों के विकास से ही समाज का विकास संभव है। अंतर्राष्ट्रीय कोच स्वाति तोमर ने जूडो कराटे मार्शल आर्ट के माध्यम से छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के अनेक गुर सिखाए और महिलाओं को समाज में आत्मनिर्भर बनने और समाज में समान रूप से सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य डॉ रेनू गुप्ता ने अपने संदेश में महिलाओं के हक सम्मान व समानता पर जोर दिया डॉ गुप्ता ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज बेटियों को समाज में समान अधिकार प्राप्त हैं इसलिए बेटियों को पढ़ाई और आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर महाविद्यालय छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर बड़े उत्साह के साथ जुड़े कराटे मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि कुमार, कुमारी मनोज चौहान, श्रीमती इंदिरा, कुमारी दीक्षिता, श्रीमती पूनम चौहान, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री गंभीर सिंह चौहान, रितेश चौहान, रितिका चौहान, प्रियंका तोमर, किरण चौहान, सुनीता एवं मोनू कुमार भी मौजूद थे।



## एक नजर

# सोनाली फोगाट हत्या मामले में ड्रग्स तस्कर को लिया हिरासत में

पणजी (हस)। भाजपा नेता सोनाली फोगाट की मौत मामले में पुलिस ने गिरफ्तार दो आरोपियों को मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले एक तस्कर को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार दोनो आरोपियों ने अपने बयान में उक्त व्यक्ति से मादक पदार्थ खरीदने की बात स्वीकार की थी।

भाजपा नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद अब अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसमें गिरफ्तार दोनो आरोपियों को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला एक व्यक्ति जिसका नाम दत्ताप्रसाद गांवकर है, को पुलिस ने अंजुना से हिरासत में ले लिया गया है। वहीं हिरासत में लिए गये एक अन्य व्यक्ति जिसकी पहचान कर्लीज रेस्तरां के मालिक एडविन नून्स के रूप में हुई है, जहां फोगाट (42) रहस्यमय परिस्थितियों में अपनी मौत से पहले 22 अगस्त की देर रात पार्टी कर रही थीं।



बता दें कि गोवा पुलिस ने हरियाणा की लोकप्रिय टिकटॉक स्टार फोगाट के साथ गोवा आए सुधीर सागवान और सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था। फोगाट को 23 अगस्त की सुबह उत्तरी गोवा जिले के अंजुना के सेंट एंथोनी अस्पताल में उनके होटल से मृत अवस्था में लाया गया था। पुलिस ने बताया कि सागवान और सिंह ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाया था और 22 और 23 अगस्त की रात को कर्लीज रेस्तरां में पार्टी के दौरान उन्होंने फोगाट को इसे पीने के लिए मजबूर किया। दोनों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इस बीच पुलिस ने कर्लीज रेस्तरां के मालिक को हिरासत में लिया है। रेस्तरां के वॉशरूम में ड्रग्स बरामद की गई थी। मौत से पहले सोनाली को उनके सहयोगी इसी वाशरूम में ले गए थे।

# इंजीनियर के घर से करोड़ों रुपए बरामद, गिनने के लिए मंगवानी पड़ी मशीन

पटना। बिहार में एक इंजीनियर के आवास पर आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस विभाग ने छापा मारा। इस छापे में करोड़ों रुपए नकद और जेवरात जब्त किये गए हैं। पटना में विजिलेंस की टीम ने शनिवार को एक एग्जिक्यूटिव इंजीनियर के तीन से चार ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद इंजीनियर के घर से काफी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि कैश को गिनने के लिए विजिलेंस की टीम को नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी। दरअसल संजय नाम का यह इंजीनियर किशनगंज जिले में तैनात है। विजिलेंस विभाग की इस पर काफी पहले से नजर थी। शनिवार को जब संजय के ठिकानों पर छापे मारे गए तो बरामद नोटों की गड्डियां देखकर अधिकारी भी हैरत में पड़ गए। विजिलेंस टीम के डीएसपी सुजीत सागर ने बताया कि हमने जांच की और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। किशनगंज स्थित उनके परिसर में छापेमारी की गई। करीब 1 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं, कुछ दस्तावेज और गहने भी बरामद किए गए हैं। इस छापे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अधिकारी बरामद नोटों को गिनते नजर आ रहे हैं। उनके सामने नोटों का ढेर लगा हुआ है और मशीन के जरिए पैसे की काउंटिंग हो रही है। किशनगंज के घर पर 14 अधिकारियों की टीम ने छापा मारा था। अभी बरामदगी के बार में फाइनल जारी आनी बाकी है।



# बाल श्रम में एक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। बाल श्रम कराने पर होटल मालिक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिंकी टम्टा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने दून तिराहा में स्थित वैष्णव भोजनालय में छापा मारा तो वहां पर होटल मालिक विपिन चावला के द्वारा बच्चों से काम करवाया जा रहा था। जिसके बाद उसने बच्चों को वहां से मुक्त कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा घोटाले में एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा में आयोग कार्यालय से पेन ड्राइव के माध्यम से पेपर चुराने वाले प्रदीप पाल को गिरफ्तार कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में एसटीएफ टीम द्वारा वीडियो भर्ती परीक्षा से संबंधित मुकदमे की विवेचना की जा रही है जिसमें पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों एवं अन्य गवाहों के बयानों में यह साक्ष्य प्राप्त हुए हैं कि 26 सितंबर 2021 को सचिवालय रक्षक भर्ती आयोजित हुई जिसमें भी कई अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले उपलब्ध हो गया था। सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा के संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा जांच करने के आदेश दिए गए थे एवं उक्त आदेश पर एसटीएफ टीम द्वारा सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा की जांच की गई जांच उपरांत परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के साक्ष्य प्राप्त हुए एवं एसटीएफ टीम द्वारा 24 अगस्त 2022 को थाना रायपुर पर मुकदमा दर्ज कराया गया। विवेचना के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि सचिवालय रक्षक भर्ती में कुल 33 पद हैं एवं कुल 66 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है शारीरिक परीक्षा होनी अभी शेष है। सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा के संबंध में की जा रही जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि सचिवालय रक्षक का प्रश्न पत्र आयोग द्वारा ही आयोग बिल्डिंग में लगी प्रिंटिंग मशीनों में छपवाया गया था जिसका टेंडर आरएमएस टेक्नोसोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। आरएमएस टेक्नोसोल्यूशन लिमिटेड के कर्मचारी प्रदीप पाल एवं उनकी टीम परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पूर्व आयोग में प्रश्न पत्र सैट करने, छपवाने के लिए आयोग की प्रिंटिंग प्रेस में रायपुर में आए थे जहां पर प्रदीप पाल द्वारा पेनड्राइव के माध्यम से यह पेपर चुराया गया था। एसटीएफ टीम द्वारा आयोग में जिस जगह पर पर प्रश्न पत्र छापा गया था उस जगह का निरीक्षण किया गया एवं जिस लैपटॉप में प्रश्न पत्र तैयार किया गया था वह लैपटॉप कब्जे में लिया गया है एवं जिस दिन पेपर छपाई का कार्य चल रहा था उस दौरान की सीसीटीवी (फुटेज जो आयोग द्वारा संरक्षित की गई थी) को कब्जे में लिया गया है सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया जिसमें पेपर निकालने की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान कुछ ऐसे अभ्यर्थी चयनित किए गए एवं उनके बयान अंकित किए गए जिनको प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही उपलब्ध हो गया था। जांच के दौरान आधार साक्ष्यों के आधार पूछताछ के बाद प्रदीप पाल पुत्र गया प्रसाद निवासी बलीपुर थाना हैदरगढ जिला बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार प्रदीप पाल द्वारा अपनी पूछताछ में बताया गया कि आयेग बिल्डिंग में पेपर छपने के दौरान मौका पाकर पेनड्राइव के माध्यम से प्रश्नपत्र चुराया गया था एवं यह प्रश्न पत्र पेनड्राइव के माध्यम से ही चुराने के बाद उसके द्वारा जयजीत दास को दिया गया था। प्रदीप पाल वर्ष 2017 से आरएमएस टेक्नोसोल्यूशंस लिमिटेड का कर्मचारी / कम्प्यूटर ऑपरेटर है जो कंपनी के प्रिंटिंग प्रेस संबंधी कार्य देखता है एवं देहरादून में पाम सिटी में कंपनी के फ्लैट में रहता था।



❑आयोग से ही पेन ड्राइव से चोरी किया था पेपर

# मसूरी में मिला नवजात का शवः न कभी देखा न कभी सुना, इतनी भयानक घटना

संवाददाता

देहरादून। मसूरी में सडक किनारे मिले नवजात के कटे शव को देखकर इंसानियत कांप गयी। क्योंकि ऐसी भयानक घटना के बारे में न तो किसी ने देखा और न ही किसी ने सुना था। अब देखते हैं कि पुलिस इस मामले में कितनी गम्भीर दिखायी देती है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस मसूरी के जेपी बैंड के पास सडक किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव को काटा गया था उसका सिर व हाथ नहीं थे। इतना भयानक मंजर देखकर इंसानियत भी कांप गयी। पुलिस ने इस तरह से नवजात का शव पहली बार ही देखा था। शव का सिर व दोनों हाथ काटे गये थे। मानव बलि देने पर भी इस तरह से नहीं काटा जाता है। जिस तरह से इस नवजात को काटा गया। इस दो दिन के बच्चे की किससे ऐसी दुश्मनी हो गयी कि उसने इसको इतनी बेरहमी से काटकर सडक किनारे फैंक दिया। पुलिस ने क्षेत्र के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह से खंगाल दिया है लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

पुलिस के अनुसार गहरा कोहरा होने के कारण सीसीटीवी कैमरों मे साफ दिखायी नहीं दे रहा है। यह घटना सारा दिन मसूरी व उसके आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बनी रही और लोग यह सोचने को मजबूर हो गये कि इतने बेरहम लोग भी अभी दुनिया में है कि वह एक नवजात को इतनी बेरहमी से काट सकते हैं। शव तो बहुत से देखे व उनके बारे में सुना होगा लेकिन ऐसा मंजर किसी ने नहीं देखा था। पुलिस भी इस मामले में गम्भीर दिखायी दे रही है। पुलिस ने क्षेत्र के सभी नर्सिग होमों को खंगालने के साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों से भी गर्भवती महिलाओं के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने नवजात का डीएनए भी सुरक्षित रख दिया है।

पुलिस इस मामले में हत्यारे को किसी भी तरह से बचने का मौका देने को तैयार नहीं दिखायी दे रही है। एसपी सिटी सरिता डोभाल ने सम्पर्क करने पर बताया कि पुलिस हर पहलु से मामले की जांच में जुट गयी है तथा डीएनए सैम्पल सुरक्षित रखने के साथ ही नवजात का पोस्टमार्टम भी कराया जा रहा है।

इस मामले में जो भी साक्ष्य मिलेंगे उनको गम्भीरता से लेते हुए हत्यारे तक शीघ्र अति शीघ्र पहुंचने का पुलिस प्रयास कर रही है। उनका यह भी कहना है कि ऐसा शव उन्होंने भी पहले कभी किसी नवजात का नहीं देखा और न कभी सुना था जिस भयानकता के साथ इस नवजात को काटा गया है।

●पुलिस ने डीएनए सुरक्षित रखा

## मोबाइल व लैपटाप चोरी में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। डीबीएसएस कार्यालय से दो मोबाइल फोन व एक लैपटाप चोरी में पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीबीएसएस कार्यालय आदुवाला में कार्यरत राजकुमार ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके कार्यालय में दो लोग आये थे तथा कुछ देर बाद वह वहां से चले गये। जब वह वहां से गये तो उन्होंने देखा कि कार्यालय से दो मोबाइल फोन व एक लैपटाप गायब था। जिसके बाद उनको पता चला कि उक्त लोग ही चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*